वेबसाइट:www.bankofbaroda.in **ईमेल corp.pr@bankofbaroda.com**

स्थान/**Place: New Delhi** तारीख/**Date: 05.10.2023**

प्रेसविज्ञप्ति /Press Release

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने जीता बैंक ऑफ बड़ौदा की मेजबानी में आयोजित अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023

एफसीआई ने फाइनल में आरबीआई को 8 विकेट से हराया,
बैंक ऑफ बड़ौदा ने दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर, 2023: बैंक ऑफ बड़ौदा की मेजबानी में अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएसएससीबी) के सहयोग से आयोजित अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 का फाइनल 4 अक्टूबर, 2023 को खेला गया जिसमें भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने विजय हासिल कर ट्राफी जीती। एफसीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 8 विकेट से हराया।

एफसीआई ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का विकल्प चुना। आरबीआई ने 8 विकेटों पर 167 रन बनाए। जब एफसीआई की बल्लेबाजी की बारी आई, तो उन्होंने 20 विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाकर 14 वें ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। 'मैन ऑफ द मैच' ट्रॉफी श्री पारस डोगरा को मिली जिनके असाधारण प्रदर्शन से एफसीआई की जीत पक्की हो सकी। पूरे टूर्नामेंट में लगातार बढ़िया प्रदर्शन के लिए भारतीय खाद्य निगम के श्री मयंक रावत "टूर्नामेंट के खिलाड़ी" बने। बैंक ऑफ बड़ौदा भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को पराजित कर दूसरा रनर-अप बना।

श्री राकेश शर्मा, महाप्रबंधक - नई दिल्ली अंचल, बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा - "अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट असाधारण क्रिकेट प्रतिभा, सहयोगी टीम वर्क और सार्वजनिक क्षेत्र के भीतर पनपने वाली प्रतिस्पर्धी भावना का प्रमाण है।" हम भारतीय खाद्य निगम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देते हैं। हम सभी भाग लेने वाली टीमों के खेल के प्रति अटूट समर्पण, उनके उत्साह और प्रदर्शित की गई खेल भावना के लिए उनकी सराहना करना चाहते हैं। इस तरह के खेल आयोजन स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं, साथ ही कॉर्पोरेट जुड़ाव को भी बढ़ावा देते हैं।

इस वर्ष अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 में भाग लेने वाली 13 टीमें हैं: बैंक ऑफ बड़ौदा, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी), कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएसएल), नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएलसी इंडिया लिमिटेड), ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी (ओआईसी), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई)।

फाइनल मैच में श्री बी एस गुप्ता, उप अंचल प्रमुख; बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधकगण श्री मिथिलेश कुमार, श्री बी वी पॉलोस, श्री कुलदीप सिंह एवं श्री निशांत कुमार; बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक महाप्रबंधक श्री राहुल प्रतापऔरअखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र खेल नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि श्री रमेश सचदेवा भी उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक (मासंप्र), बैंक ऑफ बड़ौदा और टूर्नामेंट के आयोजन सचिव श्री गिरीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएसएससीबी) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष निकाय है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के बारे में.

सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा 20 जुलाई, 1908 को स्थापित, बैंक ऑफ बड़ौदा भारत के अग्रणी वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह मुख्य रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचपॉइंट के माध्यम से 165 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार की सेवा करता है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। बैंक का बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के तहत बचत, निवेश, उधार और खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने को सक्षम करके गैर-ग्राहकों की सेवा भी करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। यह उस दिशा में अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में बैंक के रोडमैप का प्रमाण है।

• www.bankofbaroda.in पर जाएँ।

• फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/.

• ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda

• इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/official Bankofbaroda/.

• यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCDF14FHPLT7OMKE9CMYRVHA।

•लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/.

मीडिया प्रश्नों के लिए, कृपया संपर्क करें:

Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com

स्थान/**Place: New Delhi**

तारीख/**Date: 05.10.2023**